पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल को बधाई दी
अक्षय तृतीया के दिन हुआ था राज्यपाल का जन्म

लखनऊः 28 अप्रैल, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक को आज राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके जन्म दिवस की बधाई दी तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की। राजभवन परिवार की ओर से आयोजित एक इन-हाउस कार्यक्रम में प्रमुख सचिव श्री राज्यपाल सुश्री जूथिका पाटणकर ने राज्यपाल को पुष्प गुच्छ भेंट किया। हालांकि राज्यपाल अपना जन्म दिवस सादगी से मनाते हैं परन्तु राजभवन परिवार के विशेष आग्रह पर उन्होंने केक काटा और बधाई स्वीकार की। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल का जन्म 16 अप्रैल, 1934 को अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, इस दृष्टि से राज्यपाल आज 83 वर्ष के हो गये हैं। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय तिथि के अनुसार अक्षय तृतीया के अवसर पर राज्यपाल को जन्म दिवस की बधाई दी। ज्ञातव्य है कि गत 16 अप्रैल को राज्यपाल मुंबई में थे जिस कारण राजभवन परिवार के सदस्यगण उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर बधाई नहीं दे सके थे।

राज्यपाल ने जन्म दिवस की बधाई स्वीकार करते हुये कहा कि ‘‘अपने परिवार के साथ खुशियाँ मनाने से आनंद बढ़ जाता है। गत 16 अप्रैल को मेरा जन्म दिवस अंग्रेजी कैलेण्डर के हिसाब से मेरे परिवार ने मुंबई में मनाया। राजभवन में साथ काम करने वाले मेरे सहयोगी हैं इस दृष्टि से एक परिवार सा संबंध है हमारा।'' उन्होंने कहा कि राज्यपाल का कार्यालय होने के कारण राजभवन से लोगों को काफी उम्मीदें रहती हैं। राज्यपाल ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जवाबदेही से अपने दायित्वों का निर्वहन करें और लोगों के लिये आदर्श प्रस्तुत करें, यही उनके लिये जन्म दिवस की भेंट होगी।

अंजुम/ललित/राजभवन (157/36)